<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04 दिसम्बर 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केन्द्रीय उत्पाद शुल्क बढ़ा कर तंबाकू के इस्तेमाल को हतोत्साहित करने के लिए सरकार ने की पहल। लोकसभा में पारित हुआ केन्द्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक–दो हजार पचीस।
- गोरखपुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम और कुश्ती ग्रीको रोमन चौम्पियनशिप के समापन समारोह में होंगे शामिल।
- अयोध्या भ्रमण पर जाएंगे काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के पहले चरण में तमिलनाडु से आने वाले दल। जिला प्रशासन ने कीं हैं व्यापक तैयारियां।
- पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा–दो हजार पचीस के सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए दी जाएगी निःशुल्क कोचिंग।

**********

लोकसभा में केन्द्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक–दो हजार पचीस पारित हो गया। इसका उद्देश्य तंबाकू सेवन को हतोत्साहित करना है। एक रिपोर्ट–

**इस विधेयक का उद्देश्य तंबाकू से बने उत्पादों और तंबाकू के विकल्पों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क बढ़ाना है। केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम 1944 के तहत प्रति हजार सिगरेट पर 200 रुपये से 735 रुपये तक का उत्पाद शुल्क लगता है, जबकि इस विधेयक के तहत शुल्क प्रति हजार सिगरेट पर दो हजार 700 रुपये से 11,000 रुपए तक बढ़ाए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा विधेयक में तंबाकू से बने उत्पादों पर भी उच्च उत्पाद शुल्क लगाने का प्रावधान है। जैसे चबाए जाने वाले तम्बाकू पर शुल्क 25ः से बढ़कर 100ः हो जाएगा। वहीं, हुक्का पर शुल्क 25ः से बढ़ाकर 40ः किया गया है। वहीं, सिगार और सिगरेट में इस्तेमाल होने वाले तम्बाकू मिश्रण पर शुल्क 60ः से बढ़ाकर 325ः करने का प्रस्ताव है। इस विधेयक का मकसद लोगों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है और उन्हें तंबाकू के सेवन के प्रति हतोत्साहित करना है। भूपेंद्र सिंह के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

केन्द्र सरकार ने संचार साथी ऐप की बढती स्वीकार्यता के बीच मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों के लिए ऐप को पहले से इन्स्टॉल करने को अनिवार्य नहीं करने का फैसला लिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिक जब चाहे इस ऐप को हटा सकते हैं और इस ऐप का उपायोगकर्ताओं की सुरक्षा के अलावा और कोई कार्य नहीं है। इस बीच, लोकसभा में कल संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विपक्ष के जासूसी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संचार साथी ऐप से जासूसी न तो संभव है और न ही होगी।

**संचार साथी पोर्टल की हमने शुरूआत की थी 2023 में और संचार साथी ऐप का प्रयोग हमने 2025 में शुरूआत किया। संचार साथी एक ऐसा ऐप है जिसके आधार पर जनभागीदारी के आधार पर देश की एकदृएक जनता और नागरिक अपने आप को सुरक्षित रख सकता है फ्रॉड से, स्टोलन मोबाइल से, अपने स्टोलन मोबाइल को रिकॉर्ड कर सकता है, रिपोर्ट कर सकता है।**

**********

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बहराइच–जरवर रोड नई रेल लाइन का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है। कल लोक सभा में उन्होंने बताया कि नई सीधी रेल लाइन के निर्माण से इस क्षेत्र को तेज, सुगम और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री योगी आज राष्ट्रीय खेल–कूद प्रतियोगिता के तहत आयोजित कुश्ती ग्रीको रोमन चैंम्पियनशिप के समापन समारोह में भी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री के गोरखपुर दौरे को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने उरूवा क्षेत्र के चचाईराम मठ जाकर यहां के स्मृतिशेष महंत पंचानन पुरी को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री वहां से गोला तहसील क्षेत्र के मदरिया सिद्धपीठ पहुंचे और वहां के दिवंगत महंत रामदास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने मदरिया के दिवंगत रामनिवास के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें चार लाख बारह हजार रूपये के आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। साथ ही अधिकारियों को पीड़ित परिवार के सदस्यों को सभी संबंधित सरकारी योजनाओं का तत्काल लाभ देने का निर्देश दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने महानगर के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आज आयोजित होने जा रहे महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह से जुड़ी तैयारियों का निरीक्षण किया। गोरखपुर से गिरीश चंद्र चौबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

**********

प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, पार्षदों, पूर्व पार्षदों और प्रत्याशियों के साथ गोरखपुर में बैठक कर एसआईआर में सहयोग करने की अपील की। श्री

योगी ने बैठक के दौरान कहा कि कार्यकर्ता दस दिसम्बर तक बूथों पर विशेष शिविर लगा कर पूर्णतः शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने मदद करें।

**********

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के पहले चरण के तहत तमिलनाडु से आने वाले दल अयोध्या का भी भ्रमण करेंगे। इसे देखते हुए अयोध्या में व्यापक तैयारियां की गई हैं। एक रिपोर्ट–

**तमिलनाडु से आने वाले विशिष्ट अतिथियों के स्वागत और भ्रमण को लेकर अयोध्या में जिला प्रशासन ने तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने श्रीराम ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया और वहाँ मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम को हर हाल में सुचारु और भव्य तरीके से सम्पन्न कराया जाए।अतिथियों के आगमन की तिथियाँ 4, 6, 8, 10, 12, 14 और 16 दिसंबर निर्धारित की गई हैं। हर दिन अलग–अलग समूहों का अयोध्या आगमन प्रस्तावित है, जिनके स्वागत के लिए मजिस्ट्रेट, पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मेहमानों को अयोध्या के प्रमुख मंदिरोंकृश्रीराम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी और अन्य महत्वपूर्ण स्थलोंकृपर दर्शन–पूजन कराया जाएगा। इसके साथ ही श्रीराम ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिसमें अयोध्या की परंपरा, संगीत और आध्यात्मिकता का प्रदर्शन किया जाएगा। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

शिक्षा मंत्रालय की ओर से वाराणसी में चल रहा काशी तमिल संगमम, काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों को और मजबूती दे रहा है। तमिलनाडु से आए पहले प्रतिनिधिमंडल ने कल वाराणसी में कई गतिविधियों में भाग लिया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**तमिलनाडु से काशी आए छात्र समूह ने गंगा स्नान किया और गंगा के विभिन्न घाटों के इतिहास को जाना। इस दौरान दल ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। वाराणसी में दक्षिण भारतीय मंदिर कांचीमठ को देखकर छात्रों का यह समूह काफी उत्साहित दिखा। नमो घाट पर छात्रों के लिए विशेष शैक्षिक सत्र का भी आयोजन किया गया। यहां छात्रों को तमिल भाषा, लोक कथाओं और दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक वैभव से परिचित कराने के लिए तमिल लोक कथाएं सुनाई गईं।इस वर्ष कार्यक्रम की थीम तमिल करकलाम यानी तमिल सीखें रखी गई है, जिसका उद्देश्य बच्चों को तमिल भाषा, लोक कथाओं और दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक वैभव से परिचित कराना है। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।**

**********

प्रदेश का समाज कल्याण विभाग पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा–दो हजार पचीस के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम शुरू करेगा। यह विशेष प्रशिक्षण सत्र लखनऊ के छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के भागीदारी भवन में संचालित होगा। एक रिपोर्ट–

**भागीदारी भवन के संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह सुविधा केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक न हो और जो यूपीपीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा–2025 में उत्तीर्ण हों, उन्हें लेटरल एंट्री के माध्यम से कोचिंग में प्रवेश मिलेगा। आवेदन के समय प्रारम्भिक परीक्षा प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और शैक्षिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां जमा करनी होंगी। इसके अलावा 2000 रुपये की कॉशन मनी जमा कर संस्थान में प्रवेश लिया जा सकेगा। दस्तावेजों की जांच बाद प्रवेश प्रदान किया जाएगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन दिनों के भीतर दो से लेकर तीन डिग्री सेल्सियस के गिरावट की संभावना जताई है। इससे ठंड में और बढ़ोत्तरी होगी। विभाग के मुताबिक नौ दिसम्बर तक सुबह के समय प्रदेश में कहीं कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की भी संभावना है।

**********